RNI NO.- MPBIL/2020/79198

# उद्घोष समय

वर्ष 05 अंक 73 | सतना, मंगलवार 02 सितंबर, 2025 | पृष्ठ: 4, मूल्य: 1 रूपए

# भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित करेगी विक्रमादित्य वैदिक घड़ी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रकृति औरविज्ञान के संतुलन पर केन्द्रित भारतीय परम्पराओं का गौरवपूर्ण प्रतीक है वैदिक घड़ी

**भोपाल एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतवर्ष ने अपने ज्ञान से सम्पूर्ण ब्रह्मांड को अलौकिक किया है। कालगणना की पद्धति 300 साल पहले तक हमारे देश से दुनिया तक जाती थी। भारतीय संस्कृति का प्रत्येक पहलु प्रकृति और विज्ञान का ऐसा विलक्षण उदाहरण है, जो विश्व कल्याण का पोषक है। इन्हीं धरोहरों के आधार पर निर्मित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय परम्परा का गौरवपूर्ण प्रतीक है। इस घड़ी के माध्यम से भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। विरासत-विकास-प्रकृति और तकनीक के संतुलन का प्रकटीकरण विक्रमादित्य वैदिक घड़ी से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के अनावरण और उसके ऐप लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### राजा भोज पर यूट्यूब सीरीज के फोल्डर और खगोल विज्ञान पर फिल्म सीडी का किया विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास के नवनिर्मित द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का मंत्रोच्चार के बीच अनावरण किया। इस अवसर पर शौर्य स्मारक से आरंभ हुई %भारत का समय-पृथ्वी का समय% रैली मुख्यमंत्री निवास पहुंची। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रैली में शामिल युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के ऐप का लोकार्पण, राजा भोज पर निर्मित यू-ट्यूब सीरीज के फोल्डर का विमोचन और खगोल विज्ञान पर केन्द्रित फिल्म की सीडी का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक घड़ी के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आहवान किया और उपस्थित युवाओं से मोबाइल में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी ऐप भी डाउनलोड करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर वैदिक घड़ी भेंट की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि सनातन संस्कृति के व्रत, त्यौहार अंग्रेजी कैलेंडर के आधार पर नहीं आते, उनकी गणना में ऋतुओं का प्रभाव शामिल है। सावन-भादो-कार्तिक माह का प्रभाव हम सब अपने जीवन में अनुभव कर रहे हैं। पूर्णिमा और अमावस्या का समुद्र पर प्रभाव ज्वार-भाटा से आंका जा सकता है, इससे हमारी तिथियों की सत्यता भी प्रमाणित होती है। मानसिक रोगियों पर अमावस्या और पूर्णिमा का प्रभाव चिकित्सा शास्त्र भी स्वीकार करता है। मानव शरीर संरचना में 70 प्रतिशत जल का अंश है, जो अमावस्या और पूर्णिमा पर प्रभावित होता है। इसी का परिणाम है कि मानसिक चिकित्सालयों को अमावस्या और पूर्णिमा पर विशेष सतर्कता बरतने के स्थाई निर्देश हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय शास्त्रों में समय की गणना



सूक्ष्मतम स्तर तक की गई है। सनातन संस्कृति में सूर्योदय से सूर्योदय तक की गणना का विधान है। इस प्राचीन गणना में 30 मुहूर्त हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में विभिन्न सिद्धांतों पर विचार-विमर्श के लिए कोई बंधन या दंड नहीं है, जबकि कालगणना पर वैचारिक मतभेद के कारण मृत्युदंड देने का उद्धरण पश्चिम के इतिहास में मिलता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खगोलीय अध्ययन के लिए सूर्य से बनने वाली छाया के आधार पर सूर्य की गति की गणना की गई। उन्होंने बताया कि भारत का केन्द्र उज्जैन है और उज्जैन का केन्द्र वर्तमान में डोंगला में स्थित है। डोंगला का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से जुड़ता है। संभवत~ डोंगला के इस महत्व से ही भगवान श्रीकृष्ण का आगमन हुआ था। पंचांग भारतीय कालगणना की शुद्धता और सटीकता का जीवंत उदाहरण हैं। पंचांग के विद्वान चंद्रग्रहण, सूर्यग्रहण, तिथि, नक्षत्र, वार, व्रत, त्यौहार और मुहूर्तों की जानकारी वर्तमान में भी त्वरित रूप से उपलब्ध कराते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास के द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री निवास केवल मुख्यमंत्री का नहीं, अपितु सभी प्रदेशवासियों की धरोहर है। प्रदेशवासियों द्वारा दिया गया अधिकार और लोगों का भरोसा ही हमारी सरकार का आधार है। भारतीय संस्कृति के अतीत के गौरवशाली पृष्ठों का प्रकटीकरण हमारा दायित्व है। इसी का परिणाम है कि हमारी कालगणना का केन्द्र उज्जैन है, परंतु कालगणना की पद्धति की जानकारी प्रदेश की राजधानी में हो, इसके लिए प्रयास करते हुए विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की स्थापना भोपाल में की गई। भारतीय कालगणना की पद्धति की जानकारी का वैश्विक रूप से भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैदिक घड़ी के ऐप के माध्यम से हम अपने मोबाइल में वैदिक घड़ी का संचालन कर सकते हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा और संस्कृति विभाग के इस आयोजन में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम आजादी के अमृतकाल में चल रहे हैं। पूरी दुनिया का समय बदल रहा है, पश्चिम के बाद अब पूर्व का समय आया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपने दृष्टिकोण को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। भारत का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं।

## अफगानिस्तान में भूकम्प से मरने वालों की संख्या 800 के पार पहुंची, 2500 से ज्यादा घायल, कई दबे



काबुल। अफगानिस्तान में रविवार की आधी रात को 11~47 बजे (स्थानीय समयानुसार) 6 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें मृतकों की संख्या बढ़कर अब तक 800 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2500 से ज्यादा लोग घायल हैं। जिस समय भूकंप आया उस समय ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। शहर में रातभर झटके महसूस किए गए। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप 2 लाख की आबादी वाले जलालाबाद शहर से लगभग 17 मील दूर आया। यह राजधानी काबुल से 150 किमी दूर है। रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा मौतें पड़ोसी कुनार प्रांत में हुई हैं। अल जजीरा के मुताबिक भूकंप के झटके पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत में भी महसूस हुए। वहीं, भारत के गुरुग्राम में भी हल्के झटके महसूस किए गए। वहीं, पीएम मोदी ने अफगानिस्तान में आए भूकंप में पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं, और हम घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार है।

## वोट चोर लिखी टी-शर्ट में विधानसभा पहुंचे कांग्रेसी एमएलए, जमकर हुआ हंगामा, 3 सितंबर तक स्थगित




जयपुर। राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र 1 सितंबर को शुरू हुआ, लेकिन पहले दिन ही सदन में जमकर हंगामा हुआ। इसके चलते विधानसभा स्पीकर ने 3 सितंबर 11 बजे तक सदन को स्थगित कर दिया। विपक्षी कांग्रेस विधायकों ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर वोट चोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। विधानसभा के बाहर और अंदर कांग्रेस विधायकों ने वोट चोर, गद्दी छोड़ और वोट चोरों सावधान, जाग गया हिंदुस्तान जैसे नारे लगाए। कांग्रेस विधायकों ने तख्तियां लहराकर अपना विरोध दर्ज किया, जिसके जवाब में भाजपा विधायकों ने भी गालीबाज राहुल गांधी के नारे लगाए। इस हंगामे के बीच विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने दोनों पक्षों से सदन की गरिमा बनाए रखने की अपील की। इसी बीच सदन के पूर्व सदस्यों को शोकाभिव्यक्ति दी गई, इसके बाद सदन को 3 सितंबर तक स्थगित कर दिया गया। बताते चलें कि सत्र की शुरुआत से पहले ही कांग्रेस विधायक दल ने अपने तेवर दिखा दिए। विधायक आवासीय परिसर से कांग्रेस विधायक एकजुट होकर पैदल मार्च करते हुए विधानसभा पहुंचे। उनके हाथों में वोट चोर, गद्दी छोड़ और पहले लड़े थे गोरों से, अब लड़ेंगे चोरों से लिखी तख्तियां थीं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोट चोरी की है। उन्होंने जयपुर ग्रामीण सीट पर भी गड़बड़ी का आरोप लगाया। जूली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगा और जनता के साथ हुए धोखे का जवाब मांगेगा। सदन में हंगामे के दौरान स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस विधायकों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि आप विधानसभा में हैं, न कि किसी सड़क या चौराहे पर। सदन की गरिमा का ध्यान रखें और बाजार जैसी हरकतें न करें। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सदन की मर्यादा बनाए रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कांग्रेस के नारों का जवाब देते हुए भाजपा विधायकों ने %गालीबाज राहुल गांधी% के नारे लगाए, जिससे सदन में जमकर हंगामा हुआ।

## भारी बारिश की चेतावनी के बाद चार धाम यात्रा पर 5 सितंबर तक रोक, हेमकुंड साहिब के कपाट भी बंद



**नई दिल्ली एजेंसी।** उत्तराखंड में मौसम के बदले मिजाज और भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में चल रही चार धाम यात्रा और हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उन्होंने कहा, मौसम विभाग द्वारा जारी की गई चेतावनी को देखते हुए, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसी के मद्देनजर चार धाम यात्रा और हेमकुंड साहि-ब की यात्रा को 5 सितंबर तक अस्थायी रूप से स्थगित करने का फैसला किया गया है। प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे मौसम साफ होने तक सुरक्षित स्थानों पर ही रहें और यात्रा करने से बचें। स्थिति की समीक्षा के बाद यात्रा को फिर से शुरू करने पर निर्णय लिया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को पलटा, तेलंगाना में जारी रहेगा डोमिसाइल कोटा



**नई दिल्ली।** तेलंगाना सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया है। इस फैसले के तहत, राज्य कोटे से मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में वही छात्र दाखिला पा सकेंगे, जिन्होंने तेलंगाना में कक्षा 12 तक के अंतिम चार साल पढ़ाई की है। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। डोमिसाइल कोटा का लाभ पाने के लिए अब 4 साल तक तेलंगाना में पढने या निवास करने की आवश्यकता होगी।सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने ये फैसला सुनाया है। 5 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। याचिका में तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा गया था कि स्थायी निवासी को मेडिकल प्रवेश में डोमिसाइल कोटा का लाभ पाने के लिए लगातार चार साल तक तेलंगाना में पढने या निवास करने की आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सरकार की तरफ से कहा गया था कि राज्य के स्थायी निवासियों को केवल इसलिए प्रवेश लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि उन्होंने कुछ समय राज्य से बाहर से आए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए राज्य सरकार के नियम को बहाल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जो फैसला सुनाया गया है। वह तेलंगाना और वहां पढने वाले हजारों लोगों के हितों में है। ऐसा इसलिए क्योंकि अब मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में राज्य कोटे के तहत सीटें उन्हीं छात्रों को मिलेंगी, जिन्होंने राज्य में लगातार चार साल तक पढ़ाई की हो। अगर दूसरे राज्य का कोई भी एडमिशन लेना चाहे तो ऐसा नहीं होगा।

## भारत से अमेरिका का व्यापार बहुत कम, अब तक के संबंध पूरी तरह एकतरफा : ट्रंप

**वॉशिंगटन एजेंसी।** मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर एकतरफा व्यापार संबंधों का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से अमेरिका को अपने सबसे बड़े ग्राहकों में गिनता रहा है, लेकिन बदले में अमेरिका को वहां व्यापार करने का बहुत कम मौका मिला। ट्रंप का कहना है कि दशकों से यह रिश्ता असंतुलित रहा है और अब जाकर भारत ने टैरिफ घटाने का प्रस्ताव दिया है, लेकिन इसमें भी देर हो चुकी है।

ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका को भारी मात्रा में सामान बेचता है, जबकि अमेरिकी कंपनियां वहां बहुत कम उत्पाद बेच पाती हैं। इसके पीछे उन्होंने भारत की ऊंची टैरिफ दरों को जिम्मेदार ठहराया। ट्रंप के मुताबिक भारत दुनिया में सबसे ज्यादा शुल्क वसूलने वाले देशों में शामिल है और यही वजह है कि अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने इसे 'टोटल वन साइडेड डिजास्टर' यानि पूरी तरह से एकतरफा और नुकसानदायक स्थिति बताया। ट्रंप ने यह भी कहा कि भारत अपनी ज्यादातर तेल और सैन्य जरूरतों को रूस से पूरा करता है और अमेरिका से बहुत कम खरीदारी



करता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति भी व्यापार असंतुलन को और गहरा करती है। ट्रंप के मुताबिक भारत को अपने व्यापारिक रवैये में बदलाव लाने की जरूरत थी, लेकिन उसने ऐसा बहुत देर से किया। उनका मानना है कि अमेरिका ने लंबे समय तक नुकसान झेला है। ट्रंप ने कहा कि अब भारत ने अपने टैरिफ को घटाकर शून्य करने की पेशकश की है। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था। राष्ट्रपति के अनुसार अब यह 'लेट' यानि देर से किया गया कदम है। उन्होंने अमेरिकी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह कुछ सरल तथ्य हैं जिन पर लोगों को विचार करना चाहिए।

## धर्म के काम से मंत्री-नेताओं को दूर रखें : गडकरी

### *जहां घुसते हैं, आग लगाते हैं; धर्म की आड़ में राजनीति समाज के लिए नुकसानदायक*

**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने धार्मिक कार्यो से नेताओं और मंत्रियों को दूर रखने की नसीहत दी है। रविवार को उन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर में कहा कि धर्म-काज से मंत्री-नेताओं को दूर रखें। धर्म की आड़ में राजनीति समाज के लिए नुकसानदायक है। राजनीतिज्ञ जहां घुसते हैं। आग लगाए बिना नहीं रहते हैं। गडकरी ने आगे कहा कि सत्ता के हाथ में धर्म को देंगे तो हानि ही होगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का यह बयान काफी चर्चा में आ गया है। गौरतलब हो कि नितिन गडकरी अपनी साफगोई के लिए जाने जाते हैं। केंद्रीय सड़क एंव राजमार्ग मंत्री



नितिन गडकरी ने यह बड़ा बयान नागपुर में महानुभाव पंथ के कार्यक्रम में दिया। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म कार्य, समाज कार्य और राजनीति कार्य अलग-अलग हैं। धर्म व्यक्तिगत श्रद्धा का विषय है। गडकरी ने कहा कि कुछ राजनीतिज्ञ इसका इस्तेमाल करते हैं। इससे विकास और रोजगार का विषय दोयम दर्जे का हो जाता है। गडकरी ने कहा कि हर क्षेत्र में जीवन मूल्य का महत्व है। सत्य-अहिंसा का भाव कायम रहना चाहिए। मैं जिस क्षेत्र में (राजनीति) में हूं। वहां दिल से सच बोलने की मनाही है।

नितिन गडकरी ने कार्यक्रम में कहा कि मैं अधिकारी नहीं हूं, लेकिन मुझे अनुभव है कि जिस क्षेत्र में मैं काम करता हूं। वहां मन से सच बोलने की मनाही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजनीति में हौसे, नवसे, गवसे यानी कि शौक से, नए उत्साह से और आनंदपूर्वक काम करने वाले लोग हैं, हालांकि जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है वही सबसे अच्छा नेता हो सकता है। गडकरी ने यह भी कहा कि कोई चीज पाने के लिए शॉर्टकट होता है, ऐसा करने से मंजिल अधूरी रह जाती है। गडकरी महाराष्ट्र के नागपुर से लोकसभा के सदस्य है।

## पंजाब के 1300 से ज्यादा गांवों में बाढ़, हिमाचल आपदा प्रभावित राज्य घोषित

### हरियाणा में 2.50 लाख एकड़ में फसलों को नुकसान

**नई दिल्ली एजेंसी।** उत्तर भारत के हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से हालात खराब हैं। पंजाब के 9 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। अब तक 1312 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं। भाखड़ा डैम में फ्लड गेट 4-4 फीट तक खोल दिए हैं। हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 4 लोगों की मौत हो गई। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में हिमाचल को आपदा प्रभावित राज्य घोषित किया है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। हरियाणा के 6 जिलों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिरसा में एक नहर टूटने से 50 एकड़ में खड़ी फसल पानी में डूब गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अब तक 2.50



लाख एकड़ में फसलों को नुकसान हुआ है। करीब 40 हजार किसान प्रभावित हुए हैं। सोमवार सुबह हथिनीकुंड बैराज से 29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है।

दिल्ली सरकार ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में केदारनाथ नेशनल हाईवे पर सोमवार को लैंडस्लाइड के बाद दो यात्रियों की मौत और छह लोग घायल हो गए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के बाद चार धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में लैंडस्लाइड के कारण 12 घर टूट गए। बागपत के शबगा गांव में यमुना नदी के तेज बहाव में सरकारी नलकूप बह गया। इस नलकूप से करीब 300 बीघा जमीन की सिंचाई होती थी। जिला प्रशासन ने तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

रविवार शाम तेज बारिश के बाद बीकानेर के कोटगेट पर खड़ी एक महिला और युवक अचानक बहने लगे। ये लोग खुद को संभालते इतने में स्कूटी और बाइक भी बहने लगी। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर, बनबसा के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। सीएम ने बाढ़ में फंसे लोगों से मुलाकात की। 20 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से हिमाचल प्रदेश में 320 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें से 166 लोग भूस्खलन, बाढ़, बादल फटने, डूबने, बिजली के झटके और 154 सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए हैं। राज्य में अब तक 3 हजार करोड़ की संपत्ति नष्ट हो गई है। वहीं, सिरमौर जिले के ददाहू में गिरी नदी उफान पर है। लोगों को घर खाली करने के आदेश दिया गया है।

## हजारों महिलाएं कांग्रेस कार्यालय पहुंची, राहुल गांधी की तस्वीर पर जूते मारे

**नई दिल्ली एजेंसी।** सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि पीएम नरेंद्र मोदी की मां पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है। महिला मोर्चा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की, जबकि कांग्रेस ने इसे ÷फ्लॉप शो÷ करार दिया। भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा ने बताया कि विरोध में इंदौर के सभी विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकर्ता शामिल हुईं। उनके हाथों में पोस्टर थे और पटवारी के इस्तीफे की मांग की गई। कार्यकर्ताओं



ने राहुल गांधी और जीतू पटवारी की तस्वीरों को जूतों से रौंदकर नाराजगी जताई। इस विरोध प्रदर्शन में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों से रैली के रूप में रवाना हुई और गांधी भवन पर इकट्ठा हुईं। सभी रैलियां दोपहर एक बजे गांधी भवन पहुंचीं और यहां कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की गई।


## चीन में पाकिस्तानी पीएम मोदी के सामने पहलगाम हमले की निंदा

**नई दिल्ली एजेंसी।** चीन में हुई एससीओ की बैठक में एक तरफ पाकिस्तान को कड़ी शिकस्त मिली है तो वहीं भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत हुई है। बैठक खत्म होने के बाद शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों ने जो घोषणापत्र जारी किया है, उसमें भारत के जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई है। इस घटनाक्रम को पाकिस्तान के लिए फजीहत के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं, भारत के लिए यह बड़ी बात है कि जिस मंच पर रूस और चीन जैसे दिग्गज देश के राष्ट्राध्यक्ष मौजूद थे, वहां पाकिस्तान के सामने ही पहलगाम हमले की निंदा करते हुए आतंक के खिलाफ लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया।

एससीओ की बैठक के बाद आज सभी सदस्य देशों ने साझा घोषणापत्र जारी किया। इसमें कहा गया कि स्ष्ह्व के सभी सदस्य देश पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। घोषणापत्र में यह भी कहा गया कि सभी सदस्य देशों की मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना हैं। यह भी कहा गया कि ऐसे आतंकी हमलों के दोषियों और मदद करने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

### पहलगाम हमले पर एससीओ ने मारा मुंह पर जूता, पाकिस्तान को लगी आग, फिर शहबाज ने अलापा सिंधु जल समझौते का राग

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को चीन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में सिंधु जल समझौता (ढ्ढङ्खज्ञ) का मुद्दा उठाया और सभी लंबित विवादों



पर संरचनात्मक संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी स्ष्ह्व सदस्य देशों को अंतरराष्ट्रीय और द्विपक्षीय संधियों का सम्मान करना चाहिए।

शहबाज़ शरीफ शनिवार को चीन पहुंचे थे, जहां 31 अगस्त से 1 सितंबर तक स्ष्ह्व की हेड्स ऑफ स्टेट बैठक आयोजित की गई। इस संगठन में पाकिस्तान के अलावा चीन, भारत, रूस, ईरान, कज़ाकिस्तान, किर्गिज़िस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं। इसके अलावा 16 अन्य देश पर्यवेक्षक या संवाद साझेदार के रूप में जुड़े हैं।


स्ष्ह्व समिट में शहबाज शरीफ ने भारत द्वारा अप्रैल में सिंधु जल समझौता को अस्थायी रूप से रोकने के कदम का अप्रत्यक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि सभी देशों को समान सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि जल संसाधनों तक अनवरत पहुंच सभी सदस्य देशों के बीच सहयोग को मजबूत करेगी और स्ष्ह्व के लक्ष्यों की प्राप्ति में मददगार होगी। भारत ने अप्रैल 22 को कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले (जिसमें 26 लोग मारे गए) के बाद ढ्ढङ्खज्ञ को अस्थायी रूप से रोक दिया था। पाकिस्तान ने इसे युद्ध की कार्रवाई करार दिया था। शहबाज शरीफ ने आतंकवाद के मुद्दे पर भी जोर देते हुए कहा कि मार्च में हुए जाफर एक्सप्रेस ट्रेन अपहरण और बलूचिस्तान व खैबर पख्तूनख्वा में हुए अन्य हमलों में कुछ विदेशी हाथों की भूमिका के अप्रतिरोध्य प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए करने वालों को अब दुनिया की स्वीकार्यता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ अपने संकल्प के तहत 90,000 से अधिक जीवन खो दिए और .152 बिलियन का आर्थिक नुकसान झेला।

### मोदी-पुतिन की कार में 45 मिनट सीक्रेट टॉक

राष्ट्रपति पुतिन ने कार में 10 मिनट तक किया पीएम मोदी का इंतजार।

डिजिटल डेस्क, तियानजिन। चीन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात लगातार सुर्खियों में है। स्ष्ह्व सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं में द्विपक्षीय वार्ता भी देखने को मिली। हालांकि, वार्ता से पहले पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने 45 मिनट तक कार में बातचीत की, जिसकी तस्वीर खुद पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की है।

# डीजीपी बप्पा' बने गणेशोत्सव के आकर्षण, भक्तों और पुलिस दोनों में उत्साह



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** 31 अगस्त। गणेशोत्सव के दौरान इस बार जबलपुर में आस्था और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिला। शहर के घण्टाघर के पास स्थित ओमती पुलिस क्वार्टर परिसर में स्थापित 'डीजीपी बप्पा' की प्रतिमा भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। गणेश प्रतिमा को पुलिस महानिदेशक (ष्ठत्रक्क) की वर्दी में सजाकर प्रस्तुत किया गया है, जो न केवल भक्तों को भा रही है बल्कि सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही है।

## पुलिस वर्दी में विघ्नहर्ता

इस प्रतिमा में भगवान गणेश को नीली पुलिस वर्दी, कैप और पदकों के साथ दर्शाया गया है। उनके हाथों में परंपरागत मोदक और शस्त्रों के साथ ÷कानून की पुस्तक÷ का प्रतीक भी रखा गया है। आयोजकों का कहना है कि इसके पीछे संदेश है– ÷जैसे गणेशजी विघ्नहर्ता हैं, वैसे ही पुलिस समाज से अपराध और अव्यवस्था के विघ्न को दूर करती है।

स्थानीय आयोजन समिति के सदस्य संदीप दुबे ने कहा,÷हर साल हम अलग-अलग थीम पर प्रतिमा सजाते हैं। इस बार पुलिस वर्दी में बप्पा की प्रतिमा बनवाने का विचार इसलिए आया क्योंकि गणेशोत्सव में आस्था के साथ-साथ समाज को एक संदेश भी दिया जाना चाहिए। पुलिस हमारी सुरक्षा करती है, और उसे इस रूप में सम्मान मिलना चाहिए।÷

## सोशल मीडिया पर धूम

प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लोग फोटो और वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर साझा कर रहे हैं। कुछ ही दिनों में #DGPBappa और #JabalpurGaneshotsav जैसे हैशटैग ट्रेंड करने लगे। युवाओं ने इसे ÷सबसे क्रिएटिव गणेश प्रतिमा÷ बताया, वहीं कई पुलिस परिवारों ने इसे गर्व का क्षण कहा।

प्रतिमा का दर्शन करने पहुंचे जबलपुर पुलिस अधीक्षक ने कहा, गणेशोत्सव जनता और पुलिस के बीच भरोसे और संवाद को मजबूत करता है। 'डीजीपी बप्पा' की लोकप्रियता यह दर्शाती है कि लोग पुलिस को अपने संरक्षक के रूप में देखना चाहते हैं।

पुलिसकर्मियों के परिवारों ने भी आयोजन समिति को धन्यवाद दिया और इसे पुलिस की सेवा भावना को सम्मान देने वाला कदम बताया।

श्रद्धालुओं ने प्रतिमा को आस्था और अनुशासन का मिलन बताया। पास में रहने वाली श्रद्धालु आरती श्रीवास्तव ने कहा,

मैंने पहली बार पुलिस वर्दी में गणेशजी देखे हैं। यह बहुत अनोखा अनुभव है। इससे हमें यह संदेश मिलता है कि भगवान और व्यवस्था दोनों मिलकर समाज को सही दिशा देते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की थीम आधारित प्रतिमाएँ युवाओं को त्योहार के साथ जोड़ने और सामाजिक संदेश देने में मददगार होती हैं। समाजशास्त्री डॉ। रवि खरे के अनुसार,त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं होते, बल्कि सामूहिक चेतना के वाहक भी होते हैं। 'डीजीपी बप्पा' एक उदाहरण है कि कैसे सांस्कृतिक आयोजनों के जरिए कानून और अनुशासन जैसे विषयों पर भी लोगों में सकारात्मक सोच विकसित की जा सकती है।

'डीजीपी बप्पा' जबलपुर में गणेशोत्सव का सबसे चर्चित आकर्षण बन गए हैं। यह प्रतिमा न केवल भक्तों की आस्था का प्रतीक है, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सम्मान का सेतु भी बन रही है। वर्दीधारी गणेश का यह रूप आने वाले वर्षों में थीम आधारित प्रतिमाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण साबित हो सकता है।

# दलगत राजनीति से ऊपर उठने के चक्कर में ऐसे मामले उठा रहे सदन में जिसका निगम से कोई लेना देना नहीं,भाजपा नेता की प्रतिमा लगाने की माँग कर रहे कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** विगत दिनों नगर निगम सदन में कार्यवाही के दौरान सामान्य सभा की बैठक चल रही थी। इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष ने एक मुद्दा उठाया जिसे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर की गई माँग बताया गया लेकिन इस बात से यह सवाल उठ गया कि अब यह मामला नगर निगम से संबंधित है नहीं तो फिर इसे सदन में क्यों उठाया गया। दलगत राजनीति से ऊपर उठने के चक्कर में ऐसे विषय को सदन में लाया गया जिसका नगर निगम से कोई लेना-देना नहीं है। प्रतिमाएं शासन के लोक निर्माण विभाग ने हटाई हैं और लगाना भी अब लोक निर्माण विभाग को है। लेकिन इस माँग से कांग्रेस के अंदर चल रही खींचतान और अपने ही स्वर्गीय वरिष्ठ नेताओं को नजरअंदाज करने का मसला उठ खड़ा हुआ है। नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा के पूर्व सांसद बाबूराव परांजपे और पूर्व मंत्री पंडित ओंकार तिवारी की प्रतिमाओं को लगाने की माँग सदन में उठाई।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह दोनों जबलपुर के राजनीति के महापुरुष थे और इन्हें आज भी याद किया जाता है इसलिए फ्लाई ओवर निर्माण के दौरान हटाई गई उनकी प्रतिमा को पुन स्थापित किया जाए। उनकी इस माँग के बाद कांग्रेस के खेमे में यह बात तेजी से चल पड़ी की नेता प्रतिपक्ष को भाजपा के नेताओं स्व पंडित बाबूराव परांजपे और स्व. पंडित ओंकार तिवारी जैसे महापुरुषों की प्रतिमा की दलगत राजनीति से ऊपर पुन~ स्थापित होने की चिंता हुई, लेकिन अपनी कांग्रेस पार्टी के दिग्गज और कद्दावर नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की प्रतिमा लगाने के संबंध में चिंता नहीं हुई। कुछ पूर्व पार्षद जिन्होंने अपने वरिष्ठ नेताओं की प्रतिमा स्थापित करने के वक्त सदन में इसके लिए मेहनत की थी उन्होंने बताया कि सदन से सर्वसम्मति से स्वर्गीय अर्जुन सिंह की प्रतिमा स्थापित किए जाने का प्रस्ताव पारित हो चुका है। इस बात को सालों बीत चुके हैं लेकिन इसके बावजूद भी उनकी प्रतिमा लगाने की दिशा में प्रयास नहीं हो रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने ही आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शहर के महापुरुषों का सम्मान करना सकारात्मक बात हो सकती है लेकिन अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संबंध में सदन से निर्णय पारित होने के बावजूद भी उनकी प्रतिमा स्थापित करवाने की दिशा में कोई प्रयास न करना और चर्चा भी नहीं करना अच्छी बात नहीं माना जा सकता। नेता प्रतिपक्ष को इस दिशा में भी चिंता कर सदन में पुरजोर तरीके से मुद्दे को उठाना था और अपने वरिष्ठ नेताओं के प्रति भी इसी सम्मान के भाव से मजबूती से माँग को रखना था। पंडित बाबूराव परांजपे एवं पंडित ओंकार तिवारी की प्रतिमा की स्थापना पूर्व में ही नगर निगम के द्वारा की जा चुकी थी। फ्लाई ओवर निर्माण के दौरान इन दोनों प्रतिमाओं को लोक निर्माण विभाग ने हटाया था एवं इनसे जुड़ी समितियों को आश्वासन दिया था कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इन प्रतिमाओं को पुन~ स्थापित कर दिया जाएगा।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज लंबित पत्र की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।बैठक में कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी विभागों के लंबित सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के साथ अन्य लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। विशेष रूप से 50 दिन से ऊपर की लंबित प्रकरणों की निराकरण के संबंध में ध्यान केंद्रित करें। साथ ही कहा गया कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण समय पर करें।पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन सुनिश्चित हो इसके लिए उन्होंने कहा कि अन्नदूत योजना अंतर्गत सभी वाहन चालकों की बैठक 4 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

# 27 दिनों से लापता जीसीएफ कर्मचारी का मिला कंकाल, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** लापता जीसीएफ फैक्ट्री के कर्मचारी का शव 27 दिनों बाद कंकाल पाया गया है। यह कंकाल पनागर थाना क्षेद्ध के चकहा नाला के पास झाड़ियों से बरामद किया गया। मृतक कर्मचारी चार अगस्त को लापता हुए थे। तब से परिवार वाले उसकी तलाश में जुटे हुए थे। कर्मचारी की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में मातम छा गए। परिवार वालों ने इस मामले में हत्या की आशंका जाहिर की है। चकहा नाला के पास झाड़ियों में ग्रामीणों ने एक कंकाल देखा जिसकी सूचना पनागर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने जब कंकाल के पास से मिले आईडी कार्ड की जाँच की तो उसकी पहचान जीसीएफ कर्मी बिहारी लाल के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के परिवार वालों से संपर्क किया। पुलिस ने कंकाल को पीएम के लिए भिजवाया है। साथ ही परिवार वालों से पूछताछ भी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल सभी एंगल से जांच की जा रही है। आसपास के लोगों और संदेहियों से पूछताछ की जा रही है।

# मप्र आर्चरी एकेडमी ने 12 निशानेबाजों को बाहर किया



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** आर्चरी एकेडमी जबलपुर ने बड़ा निर्णय लेते हुए 12 निशानेबाजों को एकेडमी से निष्कासित कर दिया है। इसमें सबसे चौंकाने वाला नाम है सलोनी किरार, जो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकीं आर्चरी खिलाड़ी मुस्कान किरार की बहन हैं। निर्णय का आधार बताया गया है–खिलाड़ियों का लंबे समय से प्रदर्शन सुधार न पाना और चयन मानकों पर खरा न उतरना।जबलपुर स्थित इस आर्चरी एकेडमी का संचालन मध्यप्रदेश राज्य खेल विभाग करता है। अधिकारियों ने कहा कि नियमित मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान 12 खिलाड़ियों को प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार न दिखाने पर बाहर किया गया है।मप्र आर्चरी एकेडमी का यह निर्णय न सिर्फ खिलाड़ियों बल्कि खेल नीति और प्रशिक्षण पद्धति पर भी सवाल खड़ा करता है। जहां एक ओर अनुशासन और परफॉर्मेंस के मानक बनाए रखना जरूरी है, वहीं दूसरी ओर उभरते खिलाड़ियों को समय और सहारा देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सलोनी किरार का नाम इस पूरे प्रकरण को खास बना देता है क्योंकि वह एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी की बहन हैं।आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि बाहर किए गए खिलाड़ी इस चुनौती को किस तरह स्वीकार करते हैं–क्या वे अपने प्रदर्शन में सुधार कर फिर से वापसी करेंगे, या यह निर्णय उनके खेल जीवन की दिशा बदल देगा।

## एकेडमी के निदेशक अनिल यादव ने कहा

÷हम हर छह महीने परफॉर्मेंस रिव्यू करते हैं। कई खिलाड़ियों को बार-बार मौके दिए गए, लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। मजबूरी में हमें उन्हें बाहर करना पड़ा।÷

## सलोनी किरार का नाम क्यों चर्चा में

सलोनी किरार का नाम इसलिए सुर्खियों में है क्योंकि उनकी बहन मुस्कान किरार भारत की अग्रणी आर्चर हैं, जिन्होंने एशियन और वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीते हैं। परिवार की पृष्ठभूमि को देखते हुए माना जा रहा था कि सलोनी भी उसी राह पर आगे बढ़ेंगी। लेकिन एकेडमी के मूल्यांकन में उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया। स्थानीय खेल पत्रकारों का कहना है कि सलोनी ने जूनियर और सीनियर लेवल पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया, लेकिन अंक और रैंकिंग के लिहाज से वह अपेक्षा पूरी नहीं कर सकीं। कई खिलाड़ियों और उनके परिजनों ने इस निर्णय को कठोर बताया है। उनका तर्क है कि खेल में निरंतर सुधार के लिए अधिक अवसर और मानसिक परामर्श की आवश्यकता होती है।

बच्चों से तुरंत परिणाम की उम्मीद करना ठीक नहीं है। कभी-कभी एक खिलाड़ी को अपनी लय पाने में वक्त लगता है। एकेडमी को उन्हें बाहर करने की बजाय अतिरिक्त ट्रेनिंग और काउंसलिंग देनी चाहिए थी। वहीं कुछ खिलाड़ियों ने माना कि प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन है और एकेडमी का यह कदम बाकी खिलाड़ियों के लिए चेतावनी है कि केवल नाम या पारिवारिक पृष्ठभूमि के आधार पर यहां टिकना संभव नहीं। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय खेल नीति और टैलेंट निखारने के दृष्टिकोण से मिला-जुला असर डाल सकता है। सकारात्मक पक्ष यह है कि इससे खिलाड़ियों में अनुशासन और प्रदर्शन पर फोकस बढ़ेगा। नकारात्मक पहलू यह है कि जिन खिलाड़ियों को बाहर किया गया, उनमें कुछ भविष्य में सुधार कर सकते थे, लेकिन अब उनके अवसर सीमित हो सकते हैं। खिलाड़ियों परफॉर्मेंस प्रेशर से गुजरते हैं। कई बार लगातार बाहर करने के बजाय उन्हें मानसिक और शारीरिक स्तर पर मजबूत बनाने की ज़रूरत होती है। यह निर्णय दीर्घकालिक परिणामों को भी प्रभावित कर सकता है। मध्यप्रदेश ने हाल के वर्षों में आर्चरी के क्षेत्र में मजबूत पहचान बनाई है। जबलपुर की इस अकादमी से निकलने वाले कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं।

# एसपी आफिस का घेराव कर प्रदर्शन, लोग बोले अवैध कारोबारियों पर हो कार्यवाही



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** भानतलैया क्षेत्र में रहने वाले तीन सौ से अधिक लोगों ने सोमवार को एसपी कार्यालय का धेराव किया। लोगों ने अपनी पीड़ा बताते हुए अनैतिक कार्य में लिप्त बदमाश सहित अन्य उसके साथियों पर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ले के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने दो टूक कहा है कि क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति और उसके साथियों से मां.बहनें परेशान हो चुकी है। हनुमानताल थाने में भी शिकायत की गई है लेकिन उसके बाद भी कोई हल नहीं निकला है। पुलिस ने लोगों को इस प्रकरण में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। क्षेत्र की रहने वाली महिलाओं ने बताया है कि शाम ढलते उनका घरों से बाहर निकलना सुरक्षित नहीं है। उन पर छींटाकसी के साथ छेड़छाड़ की जाती है। पूर्व में भी इसी तरह की वारदातें की जा चुकी है। परिवार के पुरूषों ने विरोध किया था तो उनके साथ अभद्रता और मारपीट भी की गई थी।

# गणेश पंडाल में निकला कोबरा, मचा हड़कम्प, सर्प विशेषज्ञ ने पकड़कर जंगल में छोड़ा



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** चौकीताल तिलवारा के पास स्थित रेवा कॉलोनी में बने गणेश पंडाल में उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब लोगों ने गणेश जी की प्रतिमा के पास सांप को देखा। लोगों की सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को बुलाया। उन्होंने सांप को रेस्क्यू किया और बरगी के जंगल में छोड़ दिया। बताया गया है कि रेवा कालोनी स्थित गणेश पंडाल के आसपास यह सांप तीन दिन से देखा जा रहा था। लोगों को लगा कि शायद सांप खुद व खुद ही चला जाएगा। लेकिन बीती रात सांप प्रतिमा के पास आकर बैठ गया, जिसे देख समिति के सदस्यों में हड़कम्प मच गया। खबर मिलते ही सर्पे विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे पहुंच गए, जिन्होने गणेश प्रतिमा के पीछे से सांप को पकड़ा और ले जाकर बरगी के जंगल में छोड़ दिया। श्री दुबे ने बताया कि चार फीट लम्बा सांप कोबरा प्रजाति का है। जिसके डसने से आदमी का नर्वस सिस्टम जाम हो जाता है। यदि समय पर उपचार न मिले तो जान भी जा सकती है। सांप के पकड़े जाने के बाद समिति के सदस्यों ने राहत की सांस ली।

# जैन मंदिर से मूर्ति चोरी कर भाग रहे बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** एमपी के जबलपुर स्थित मझौली के जैन मंदिर में पयूषण पर्व पर हो रहे कार्यक्रमों के बाद चोरों ने धावा बोला। मूर्ति चोरी कर भाग रहे बदमाशों को ग्रामीणों ने देखा तो पीछा करते हुए खंडहर के पास पकड़ लिया। इसके बाद उन्हे पुलिस के हवाले किया गया।



पुलिस अधिकारियों की माने तो जैन मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी अनुराग दुबे, अभाव व अखंड को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि कार्यक्रमों के बाद मंदिर में ताला लगाकर श्रृद्धालु घर चले गए थे। तीनों आरोपियों ने सूनेपन का फायदा उठाकर ताला तोड़ा और मंदिर की दान पेटी से नकद राशि एवं मूर्ति चोरी की। इस वारदात की भनक लगते ही ग्रामीण सक्रिय हो गए और उन्होंने पीछा करते हुए पास की खंडहर से अनुराग को दबोच लिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूछताछ की तो अनुराग ने अपने दोनों साथियों ने नाम कबूल किए। पुलिस ने आरोपी के बताए ठिकाने पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को और चोरी किया हुआ माल जब्त किया।

# रीवा-चिरमिरी-रीवा ट्रेन को तीन स्टेशनों पर मिला ठहराव

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 11751/11752 रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन का धुरवासिन, बैहाटोला एवं पाराडोल स्टेशन पर ठहराव दिया जा रहा है। इन उपरोक्त स्टेशनों पर ठहराव दिनाँक 01 सितम्बर 2025 से लागू है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्न है।

गाड़ी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस ट्रेन रीवा रेलवे स्टेशन से रात 19:10 बजे प्रस्थान कर मार्ग के रास्ते से होते हुए धुरवासिन रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (01:57/01:59), बैहाटोला रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (02:29/02:31) एवं पाराडोल रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान (03:54/03:56) बजे ठहराव रहेगा। गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन चिरमिरी रेलवे स्टेशन रात 19:00 बजे प्रस्थान कर मार्ग के रास्ते से पाराडोल रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (19:17/19:19), बैहाटोला रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (20:36/20:38) एवं धुरवासिन रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (21:04/21:06) बजे ठहराव रहेगा।

नोटः- ठहराव की सुविधा मिलने से मनेन्द्रगढ़, बिजुरी एवं कोतमा रेलवे स्टेशन के समय में आंशिक परिवर्तन रहेगा जिसकी जानकारी निम्न है।

ट्रेन 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस :- कोतमा रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 02:15/02:20 बजे, बिजुरी रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 02:45/02:55 बजे एवं मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:25/03:35 बजे रहेगा।

ट्रेन 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस :- मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 19:43/19:53 बजे , बिजुरी रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:21/20:31 बजे एवं कोतमा रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:43/20:48 बजे रहेगा।

यात्री दिए गए ठहराव की सुविधा का लाभ लेते हुए इस ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

# भोपाल-बिलासपुर-भोपाल ट्रेन को भी तीन स्टेशनों पर मिला ठहराव

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 18235/18236 भोपाल-बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन का खोंगसरा, बेलगहना एवं करगी रोड पर ठहराव दिया जा रहा है। इन उपरोक्त स्टेशनों पर ठहराव दिनाँक 01 सितम्बर 2025 से लागू है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्न है।

**खोंगसरा, बेलगहना एवं करगी रोड रेलवे स्टेशन पर ठहराव की जानकारी**

1) गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन से सुबह 10:15 बजे प्रस्थान कर मार्ग के रास्ते से होते हुए खोंगसरा रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (01:25/01:27), बेलगहना रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (01:43/01:45) एवं करगी रोड रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान (01:58/02:00) बजे ठहराव रहेगा।

2) गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन रात 22:30 बजे प्रस्थान कर मार्ग के रास्ते से होते हुए करगी रोड रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (23:00/23:02), बेलगहना रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (23:16/23:18) एवं खोंगसरा रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (23:32/23:34) बजे ठहराव रहेगा।

नोटः- ठहराव की सुविधा मिलने से ट्रेन 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस के उसलापुर एवं खोडरी रेलवे स्टेशन के समय में आंशिक परिवर्तन रहेगा जिसकी जानकारी निम्न है।

ट्रेन 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस :- उसलापुर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात 22:41/22:43 बजे एवं खोडरी रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्यरात्रि 00:02/00:04 बजे रहेगा।

यात्री दिए गए ठहराव की सुविधा का लाभ लेते हुए इस ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

# पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली तीन जोड़ी रेलगड़ियाँ प्रभावित




**जबलपुर/प्रतिनिधि।** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के कठुआङ्कमाधोपुर पंजाब रेलखंड में डाउन लाइन पर यातायात निलंबित के चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली तीन जोड़ी रेलगड़ियाँ जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस, कोटा-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कोटा एक्सप्रेस एवं कोटा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर-कोटा एक्सप्रेस भी निरस्त रहेगी। इन निरस्त रेलगाड़ियों की विस्तृत जानकारी निम्न है ~

1) गाड़ी सांख्य 11449 जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से दिनाँक 02, 09, 16, 23 एवं 30 सितम्बर 2025 को पाँच ट्रिप निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी सांख्य 11450 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से दिनाँक 03, 10, 17 एवं 24 सितम्बर 2025 को चार ट्रिप निरस्त रहेगी।

2) गाड़ी सांख्य 19803 कोटा-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन कोटा से दिनाँक 06, 13, 20 एवं 27 सितम्बर 2025 को चार ट्रिप निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी सांख्य 19804 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कोटा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से दिनाँक 07, 14, 21 एवं 28 सितम्बर 2025 को चार ट्रिप निरस्त रहेगी।

3) गाड़ी सांख्य 20985 कोटा-शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन कोटा से दिनाँक 03, 10, 17 एवं 24 सितम्बर 2025 को चार ट्रिप निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी सांख्य 20986 शहीद कैप्टन तुषार महाजन उधमपुर-कोटा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से दिनाँक 04, 11, 18 एवं 25 सितम्बर 2025 को चार ट्रिप निरस्त रहेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इन परिवर्तनों को ध्यान में रखें तथा अधिक जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

# पनागर से लापता वृद्ध का कंकाल मिला

## परिजनों का आरोप हत्या कर फेंकी है लाश



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** एमपी के जबलपुर में पनागर स्थित चकहा नाला के पास झाड़ियों से पुलिस को आज सुबह एक नर कंकाल मिला है। कपड़े, आईडी कार्ड व अन्य सामान से उसकी पहचान 60 वर्षीय बिहारी लाल काछी के रूप में हुई है। वे 4 अगस्त से लापता थे। परिजनों ने मोहन लोधी व रहमान पर हत्या का संदेह जताया है। वहीं पुलिस पर इस केस में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्ट मार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचा दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिजनों ने मौके पर पहुंचकर कपड़े, आईकार्ड सहित अन्य सामान के आधार पर उनकी पहचान की। बिहारी लाल 4 अगस्त को काम पर फैक्ट्री गए थे, इसके बाद नहीं लौटे। परिजनों ने 6 अगस्त को पनागर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया था कि पडुआ तिराहे पर उन्हें मोहन काछी, रहमान एवं तीन-चार अन्य लोगों के साथ देखा गया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने तलाश और जांच करने में लापरवाही बरती। परिजनों ने कहा कि जब एसपी ऑफिस में शिकायत की और एडिशनल एसपी ने टीआई को फोन किया, तब वे उनके घर आए। पुलिस ने 28 और 29 अगस्त को उनके और उनके भाई के बयान लिएए लेकिन जांच सिर्फ घर तक ही सीमित रही। परिजनों ने मोहन व रहमान पर संदेह जताते हुए कहा कि इन दोनों ने पुलिस को बताया है कि वे बिहारी लाल से मिले थे, जबकि बिहारी लाल सोमवार से लापता थे। पुलिस ने इनसे पूछताछ ही नहीं की है, जबकि वे पनागर के निवासी हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि 4 अगस्त को बिहारी लाल की गुमशुदगी दर्ज हुई है। उनका शव चकहा नाले के पास मिला है। जिसकी पहचान परिजनों ने की है। शव पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के वाहनों को कबाड़े में बेचते रहे चिरैया व उसके चार साथी, सभी गिरफ्तार



**जबलपुर/प्रतिनिधि।** एमपी के जबलपुर स्थित गोहलपुर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह को पकड़ा है। पुलिस ने गिरोह के सरगना चिरैया उर्फ शहजाद अंसारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान शहजाद ने अपने चार साथियों के नाम बताएं। जिनमें नवेद अंसारी, फैजान अंसारी, इजहार उर्फ टुन्ना खान और कबाड़ी अहतेशाम अख्तर शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह गिरोह जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों से वाहनों की चोरी कर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर छिपाता था। इसके बाद उन वाहनों को कबाड़ में काटकर उनके पुर्जे बेच दिए जाते थे ताकि चोरी के वाहनों की पहचान न हो सके। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य संभावित सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है। साथ ही चोरी की गई बाकी 15 गाडियों की भी खोजबीन की जा रही है। पुलिस इस गिरोह के नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही हैए ताकि पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जा सके।

## चोरी किए गए पांच वाहन जब्त-

गोहलपुर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच वाहन जब्त किए है, साथ ही कई गाडियों के पार्ट्स, वाहन काटने के औजार व संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद किए हैं। यह सामग्री कबाड़ी अहतेशाम अख्तर के गोदाम से बरामद की गई है।

# बलरामपुर में प्राइमरी स्कूल टीचर ने 11 वर्षीय छात्रा को पीटा, गंभीर घायल

**जनजातीय बच्ची के मौलिक अधिकारों पर हमला; आरोपी शिक्षिका निलंबित**

**प्रेम सिंह राजपूत, उद्घोष समय, बलरामपुर**



**बलरामपुर।** जिले के राजपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत लाउ स्थित धामधमिया पारा प्राथमिक विद्यालय में 28 अगस्त को एक शर्मनाक घटना सामने आई। स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा पांचवीं की छात्रा को सहायक शिक्षिका ज्योति तिर्की ने डंडे से बुरी तरह पीटा, जिससे 11 वर्षीय जनजातीय छात्रा मुनिका कोरवा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के समय मुनिका कोरवा अपनी दो सहपाठियों के साथ कक्षा में बातचीत कर रही थी। इसी पर गुस्से में आकर शिक्षिका ने बच्चियों की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस पिटाई से मुनिका के घुटने में गंभीर चोट और सूजन आ गई। बच्ची के दर्द से तड़पते देख स्कूल के प्रधानाध्यापक रामराज यादव ने तत्काल उसे राजपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को घर भेजा गया। पीड़िता के पिता कोईराम राम ने कहा, ÷हम अपनी बेटी को पढ़ाई के लिए स्कूल भेजते हैं, पिटाई के लिए नहीं। आज तक का दर्द और चेहरे पर पड़े निशान साफ दिखाई देते हैं।÷ घटना के बाद बच्ची स्कूल जाने से डरने लगी है।

मामले की जानकारी मिलने पर बीईओ राजपुर आदित्य पाटनवार ने जांच कर रिपोर्ट डीईओ बलरामपुर को सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर सहायक शिक्षिका ज्योति तिर्की को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर शंकरगढ़ मुख्यालय में अटैच कर दिया गया।

यह घटना न केवल शिक्षक-छात्र संबंधों की गरिमा को ठेस पहुंचाती है बल्कि विशेष संरक्षित जनजाति के बच्चों के मौलिक अधिकारों पर सीधा हमला है। सवाल यह है कि शिक्षा के नाम पर बच्चों पर अत्याचार करने वालों पर कब तक केवल निलंबन तक ही कार्रवाई सीमित रहेगी?

# विधायक ने पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग के कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिए दिशा निर्देश



**बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए सड़क, नहर, पुलिया, माइनर आदि का जल्द हो निर्माण**

**चुनार ।** विधायक अनुराग सिंह ने अपने आवास मगरहा स्थित ÷सरोज सदन÷ पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर बाढ़ से प्रभावित गांवों में लिंक रोड आदि कि समीक्षा किए। विधायक ने अपने चुनार विधानसभा क्षेत्र के तीनों ब्लॉक में आये बाढ़ जैसे आपदा से प्रभावित और क्षतिग्रस्त सड़क, नहर, पुलिया, माइनर एवं अन्य क्षेत्रों में बाढ़ से हुई क्षति की समीक्षा किया गया और भविष्य में बाढ़ जैसे आपदाओं पर दृष्टिगत रखते हुए सुधार की आवश्यकताओं पर चर्चा किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों को बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए सड़क,माइनर आदि कि मरम्मत करने को कहा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह,सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता हरिशंकर , लोक निर्माण विभाग खंड दो के अधिशासी अभियंता ए के पांडेय व सहायक अभियंता, जेई आदि मौजूद रहे।।

# ऑपरेशन मुस्कान- जशपुर पुलिस ने दो बच्चियों को किया बरामद

**एक को अंबिकापुर से ढूंढा, दूसरी को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया**

**प्रेम सिंह राजपूत, स्टेट हेड छत्तीसगढ़, उद्घोष समय**




**जशपुर/02 सितम्बर 2025।** जशपुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो गुम हुई नाबालिग बच्चियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। थाना बगीचा क्षेत्र की एक बच्ची को अंबिकापुर से ढूंढा गया, जबकि थाना कुनकुरी क्षेत्र की दूसरी बच्ची को आरोपी जगतपाल साय के कब्जे से छुड़ाया गया।

थाना बगीचा क्षेत्र की 16 वर्षीय नाबालिग बालिका 28 अगस्त की शाम घर से लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और टेक्निकल टीम की मदद से अंबिकापुर के गंगानगर क्षेत्र से बालिका को सकुशल दस्तयाब किया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह काम की तलाश में घर से बिना बताए अंबिकापुर आ गई थी। पुलिस ने बच्ची को परिजनों को सौंप दिया। दूसरा मामला थाना कुनकुरी क्षेत्र का है, जहाँ 17 वर्षीय बालिका गणेश पूजा में जाने के बहाने घर से निकली और वापस नहीं लौटी। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी जगतपाल साय (उम्र 26 वर्ष) ने शादी का झांसा देकर उसे बहला-फुसलाकर जंगल में ले जाकर शारीरिक शोषण किया। पुलिस ने दबिश देकर बालिका को आरोपी के कब्जे से बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जगतपाल साय के विरुद्ध थाना कुनकुरी में बीएनएस की धारा 137(2), 62(2)(रू), 87 और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों पर जशपुर पुलिस पूरी तरह संवेदनशील है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगातार गुमशुदा बच्चों को खोजकर सुरक्षित उनके परिवार तक पहुँचाया जा रहा है। बालिकाओं की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी की कार्रवाई में थाना बगीचा प्रभारी निरीक्षक संतलाल आयाम, थाना कुनकुरी प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव सहित पुलिस की टेक्निकल टीम और कई आरक्षकों की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन मुस्कान लगातार जारी रहेगा और गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित परिवार तक पहुँचाना ही इसका मुख्य उद्देश्य है।

# सिवनी जिला कलेक्टर की अध्यक्षता समय सीमा बैठक संपन्न

**कैलाश लाहोरी जिला ब्यूरो**

सिवनी / कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अनुविभागीय अधिकारी सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते पूर्व निर्देशों के उपरांत ही विभागीय रैंकिंग में सुधार न करने वाले विभागों के कार्यालय प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ-साथ चेतावनी दी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्प लाईन में कोई भी शिकायत नॉट अटेंड न रहे, सभी शिकायतों में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए फॉलोअप दर्ज किया जाए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर सुश्री जैन ने निर्देश दिये कि विभागीय स्थापना संबंधी शिकायतें भी त्वरित रूप से निराकृत किए जायें। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व विभाग के न्यायालयवार बटवारा, अभिलेख दुरूस्तीकरण, नामांतरण आदि के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री एवं स्वामित्व योजना में अपेक्षानुरूप प्रगति न लाने वाले पटवारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उन्होंने गैर न्यायालयीन कार्यो में संलग्न किए गए तहसीलदारों को सतत रूप से उचित मूल्य दुकानों, उर्वरक वितरण केन्द्रों, स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को शक्ति से हटाने की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने कृषि विभाग से बीज-खाद की उपलब्धता की जानकारी लेकर मांग अनुरूप आपूर्ति यूरिया की उपलब्धता सभी क्षेत्रों सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने



खाद्य वितरण संबंधी शिकायतों पर संज्ञान लेकर व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिये हैं साथ ही कालाबाजारी तथा अमानक कृषि आदान सामग्री विक्रय की शिकायतों में भी संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार शक्त कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। इसी तरह जलजीवन मिशन की प्रगति की जानकारी लेकर तय समय सीमा में ही एकल एवं समूह नलजल योजनाओं को पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश पीएचई एवं जलनिगम के अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा खाद्य वितरण की समीक्षा के साथ ही खाद्य निरीक्षकों को द्वारा उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण की समीक्षा करते हुए अपेक्षानुरूप संख्या में निरीक्षण न करने को लेकर खाद्य निरीक्षक श्री अमित चौधरी एवं प्रतीक तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने विभिन्न आयोगों से प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं साथ ही विभागवार लंबित हाईकोर्ट के प्रकरणों में जवाब भी समय-सीमा में दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने धरती आबा अभियान अंतर्गत चयनित ग्रामों के पात्र हितग्राहियों को योजनावार लाभांवित किए जाने की प्रगति के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, जनधन खाते सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ त्वरित रूप से शेष बचे हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने लंबित पेंशन प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा कर समय सीमा में पेंशन प्रकरणों को पेंशन कार्यालय प्रस्तुत न करने वाले जिलाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं।

# श्री रामा कृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, साइंस एंड मैनेजमेंट, करही में 15 दिवसीय जावा प्रोग्रामिंग कार्यशाला सम्पन्न

**उद्घोष समय, सतना अंकित शर्मा**



महाविद्यालय में 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 18.08.2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 30.08.2025 को सम्पन्न हुई। जिसमें कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं ए.आई. ब्रांच के 60 छात्र/छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को जावा की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रदान करना था। जिसमे छात्रों को जावा की बेसिक ट्रेनिंग के साथ प्रैक्टिकल एवं छोटे-छोटे लाइव ऑन प्रोजेक्ट्स का अभ्यास कराया गया। इस कार्यशाला को सम्पन्न कराने के लिए संस्था ने एम.एस.एम.ई., इंदौर से श्री सुनील वर्मा जी के द्वारा अनुबंध करके पूर्ण कराया गया है। उपरोक्त कार्यशाला को पूर्ण करने में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के साथ कंप्यूटर साइंस विभाग का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन श्री शम्मी पुरी, श्री रामा कृष्णा ग्रुप डायरेक्टर श्री शाश्वत पुरी, टेक्निकल विंग डायरेक्टर डॉ. अग्निवेश अग्निहोत्री, एकेडमिक डायरेक्टर सुश्री शुभी खरे, फर्स्ट ईयर डीन श्री अभय मिश्रा, हायर सेमेस्टर डीन श्री दीपेश निगम, फार्मेसी डीन डॉ. अमित पाण्डेय, समस्त विभागाध्यक्ष, एवं स्टाफ मेंबर्स मौजूद रहे।

# बिना फिटनेस बिना परमिट के चल रही स्कूल बसे

**स्कूल प्रबंधन छात्रों के प्रति दिख रहा लापरवाह**

**यशपाल जाट अनुपपुर**



*सुरक्षित स्कूल बस अभियान 2.0 के तहत अनुपपुर यातायात पुलिस ने स्कूली बसों पर करी चलानी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान के निर्देश पर यातायात पुलिस अनूपपुर की कार्रवाई ङ्क 36 स्कूली वाहनों पर ?47,000/- का जुर्माना

यातायात पुलिस अनूपपुर द्वारा सुरक्षित स्कूल बस अभियान 2.0 के अंतर्गत स्कूली वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 36 स्कूल वाहनों की जांच कर ?47,000 का चालान वसूला गया।

## कार्रवाई का विवरण

सेंट जोसेफ स्कूल, कोतमा ङ्क 4 बसों पर ?2,000 का चालान।

डिवाइन स्कूल, कोतमा +-3 बसों पर ?11,500 का चालान, जिनमें से एक बस पर बिना परमिट का चालान।

केंद्रीय विद्यालय, जमुना - 5 स्कूली वाहनों पर 10,000 का चालान।

ग्रीनलैंड स्कूल, कोतमा - 8 वाहनों पर ?8,000 का चालान।

सेंट जोसेफ स्कूल, बिजुरी - 8 वाहनों पर 9,000 का चालान, जिनमें से एक वाहन पर बिना फिटनेस का चालान।


बेथल मिशन स्कूल अनूपपुर ङ्क 1 बस बिना परमिट, ?3000 चालान।

सनबीम महर्षि एंग्लो जर्मन स्कूल अनूपपुर - 7 बसें, 3500 चालान।

## अभियान का उद्देश्य

सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना यातायात विभाग का मुख्य उद्देश्य है। अभियान के माध्यम से स्कूल प्रबंधन को यह संदेश दिया गया है कि बिना फिटनेस, बिना परमिट एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सतना में गणेश विसर्जन के लिए नगर पालिका ने तय किए चार स्थल



**उद्घोष समय- अंकित शर्मा सतना**

**सतना।** नगर पालिका निगम प्रशासन ने आगामी गणेश विसर्जन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए चार अधिकृत विसर्जन स्थल निर्धारित किए हैं। इनमें ट्रांसपोर्ट नगर का तालाब, जिग्नहट सतना नदी, सतना नदी मैहर रोड और माधवगढ़ स्थित टमस नदी शामिल हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मूर्ति विसर्जन इन्हीं स्थानों पर करें, जिससे स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके।

# पत्थलगांव में शासकीय ज़मीन पर कब्ज़े की खुली साज़िश

**प्रशासन की चुप्पी से सवालों के घेरे में राजस्व अमला**

**संवाददाता - प्रेम सिंह राजपूत, स्टेट ब्यूरो छत्तीसगढ़, उद्घोष समय**



**पत्थलगांव, 02 सितम्बर 2025।** ÷जो ज़मीन सरकारी है, वो ज़मीन हमारी है÷ जैसे अंदाज़ में पत्थलगांव बस स्टैंड स्थित दुकानदार खुलेआम शासकीय भूमि पर पक्का निर्माण कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जनपद पंचायत परिसर में बने शौचालय पर कब्ज़ा कर उसे होटल की रसोई में बदल दिया गया और अब उसी ज़मीन पर आगे बढ़कर अवैध पक्के निर्माण भी किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में 850 वर्गफुट पर काबिज दुकानदारों ने राजस्व अमले से सांठगांठ कर 1100 वर्गफुट का पट्टा हासिल कर लिया। अब राजस्व अधिकारी उसी पट्टे का हवाला देकर पंचायत भवन और शौचालय तोड़कर कब्ज़ा देने की कोशिश कर रहे हैं। सवाल यह उठता है कि जब ये भवन बरसों पहले से मौजूद हैं तो तीन वर्ष पूर्व पट्टा जारी करते समय तहसीलदार और एसडीएम ने मुआयना क्यों नहीं किया? इस मामले में राजस्व अमले की भूमिका सबसे अधिक संदेहास्पद नज़र आ रही है। वास्तविक कब्ज़े से अधिक ज़मीन दर्शाना पहली ग़लती थी और अब सरकारी भवन तोड़कर कब्ज़ा दिलाने की कोशिश दूसरी ग़लती है। मामले की तह तक पहुँचा जाए तो कई बड़े अधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आ सकती है। कानूनी जानकारों का कहना है कि इस प्रकार की कार्यवाही सीधेङ्कसीधे शासकीय संपत्ति के दुरुपयोग और पद के दुरुपयोग की श्रेणी में आती है। पट्टा देने और कब्ज़ा दिखाने में गलत जानकारी देने वालों पर राजस्व नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।जनपद पंचायत की सीईओ श्रीमती प्रियंका रानी गुप्ता ने बताया कि मामले की पूर्व में जिला स्तरीय टीम से जाँच करवाई गई थी। उस रिपोर्ट में निर्माण को जनपद की भूमि से बाहर बताया गया था। लेकिन संबंधित दुकानदार को भूङ्कस्वामी का पट्टा कैसे मिला यह स्वयं में बड़ा सवाल है। इस पूरे प्रकरण पर उच्च अधिकारियों से चर्चा कर पुनः जाँच कराई जाएगी। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती धनियारो परहा ने स्पष्ट कहा कि जनपद की शासकीय इमारत तोड़कर कब्ज़ा करना पूरी तरह ग़लत है। वैसे ही पंचायत में जगह का अभाव है और ऐसे में शासकीय भवनों पर अवैध निर्माण अस्वीकार्य है। वहीं मौके पर पहुँचे आर.आई. ने कहा कि रिकॉर्ड देखने के बाद ही वास्तविक स्थिति पर कुछ कहा जा सकेगा।

आखरिकार, सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जब प्रशासन को ही सरकारी संपत्ति की रक्षा करनी है, तो फिर कब्ज़ाधारियों को संरक्षण कौन दे रहा है? जाँच यदि निष्पक्ष हुई तो राजस्व अमले की मिलीभगत और प्रशासन की चुप्पी दोनों बेनक़ाब होना तय है।

# विंध्य बघेली ममत्व महोत्सव सीजन-2 में युवा पत्रकार उमेश कुशवाहा सम्मानित



सतना। जिले के कोठी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलुवा निवासी और युवा पत्रकार उमेश कुशवाहा ने अपने संघर्ष और पत्रकारिता के प्रति समर्पण से एक नई पहचान बनाई है। इसी कड़ी में उन्हें रीवा स्थित कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित ÷विंध्य बघेली ममत्व महोत्सव सीजन-2÷ के मंच पर सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन वी.एस.सी. फिल्म स्टूडियो द्वारा किया गया, जिसमें विंध्य अंचल की संस्कृति, साहित्य और कला को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल रहे, वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में अंकुल त्रिपाठी, सचिन दुबे और मीनाक्षी सिंह ने अपनी उपस्थिति से समारोह को गरिमामय बनाया। महोत्सव के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पत्रकारिता जगत में सक्रिय भूमिका निभाने और समाज के मुद्दों को मुखरता से उठाने के लिए सतना के युवा पत्रकार उमेश कुशवाहा को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर भावुक हुए उमेश कुशवाहा ने कहा कि यह पुरस्कार मेरे लिए गर्व और प्रेरणा दोनों है। पत्रकारिता जनता की आवाज है और मैं सदैव समाज की समस्याओं को निष्पक्ष और निर्भीक होकर उजागर करने का प्रयास करता रहूँगा। महोत्सव में बड़ी संख्या में पत्रकार, साहित्यकार, कलाकार, समाजसेवी और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विंध्य की लोक परंपराओं की झलक देखने को मिली। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे, ताकि विंध्य की प्रतिभाओं को मंच मिल सके।

# श्रमजीवी पत्रकार संगठन ब्लॉक इकाई मझगवां की बैठक संपन्न

आज दिनांक 1 सितंबर 2025 को ब्लॉक इकाई मझगवां में श्रमजीवी पत्रकार संगठन की बैठक पत्रकार संगठन के सदस्य रवि गुप्ता के आवास पर संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से संभागीय उपाध्यक्ष रामनरेश श्रीवास्तव के साथ डॉक्टर पुष्पराज सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की साथ ही बैठक में जिले की कार्यकारिणी से सम्मिलित हुए वरिष्ठ पत्रकार आरके सोनी अवध नरेश शर्मा एवं युवा पत्रकार श्रीधर पटेल. कार्यक्रम में प्रमुखता से भाग लेने वाले श्रमजीवी पत्रकार संगठन के समस्त सदस्य जिनमे अमित कुमार गुप्ता आर्यन शर्मा अजय कुमार गुप्ता सुरेश कुमार वर्मा अभिषेक द्विवेदी सूरज तिवारी रफीक सौदागर विष्णु पटेल दयाराम द्विवेदी प्रकाश सोनी एवं अनिरुद्ध सेन सम्मिलित हुए. कार्यक्रम में कार्यकारिणी के गठन को लेकर के महत्वपूर्ण चर्चा की गई साथ ही समस्त सदस्यों की सर्व सहमति से अमित कुमार गुप्ता को ब्लॉक इकाई मजगामा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया साथ ही आर्यन शर्मा को ब्लॉक इकाई मझगवां



का उपाध्यक्ष प्रकाश सोनी को सचिव सुरेश कुमार वर्मा को सहायक सचिव अनिरुद्ध सेन कोषाध्यक्ष रफीक सौदागर संगठन सचिव दयाराम द्विवेदी कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार को सदस्य सूरज तिवारी को सदस्य मनोनीत किया गया.


# स्वच्छता पाठशाला और ह्यूमन चेन से दिया स्वच्छता का संदेश




नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा दिनांक 01 सितम्बर 2025 को वार्ड क्रमांक 26, 27, 30 एवं 38 में विविध स्वच्छता गतिविधियाँ आयोजित की गई। वार्ड 26 में नागरिकों को छ्र×ष्ठ वेस्ट के निपटान, प्लास्टिक प्रतिबंध, चार डस्टबिन के उपयोग, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता ऐप की जानकारी तथा छ्रझ्रष्ठ एवं स्रोत पर पृथक्करण के महत्व से अवगत कराया गया। वार्ड 27 में प्लास्टिक मुक्त वातावरण का संदेश दिया गया एवं दुकानदारों व नागरिकों को स्रोत पर कचरा पृथक्करण व स्वच्छता ऐप उपयोग की जानकारी दी गई। वहीं वार्ड 30 स्थित जे.पी. विद्यापीठ में स्वच्छता पाठशाला के माध्यम से छात्रों को कचरे के प्रकार और उनके प्रबंधन की जानकारी दी गई। वार्ड 38 में गणेश पंडाल पर नागरिकों ने ह्यूमन चेन बनाकर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। इन गतिविधियों के माध्यम से ÷स्वच्छ सतना ङ्क लक्ष्य अपना÷ का संकल्प दोहराया गया।

# राह चलती लड़कियों से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार


**पुलिस की त्वरित कार्रवाई, साथी फरार आरोपी की तलाश जारी**





**जशपुर।** जशपुर जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र में लड़कियों से छेड़छाड़ करने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान हेमंत उर्फ हर्षित यादव (उम्र 22 वर्ष, निवासी महुआ टोली, थाना पत्थलगांव) के रूप में हुई है। वहीं उसका एक साथी फरार है, जिसे पुलिस ने चिन्हित कर लिया है। मामला 31 अगस्त की शाम का है, जब एक पीड़िता अपनी बहन और सहेलियों के साथ कॉफी हाउस जा रही थी। इसी दौरान आरोपी हेमंत यादव अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर उनका पीछा करने लगा। रास्ते में उसने आपत्तिजनक टिप्पणियाँ कीं, अश्लील इशारे किए और पीड़िता की बहन के कंधे पर हाथ मारते हुए आगे निकल गया। बाद में दोनों आरोपियों ने लड़कियों को रोककर छेड़छाड़ की और मोबाइल नंबर माँगने लगे। शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़िता की शिकायत पर पत्थलगांव थाने में तत्काल मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 74, 78 और 79 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी के निर्देश दिए।पुलिस कार्रवाई में आरोपी हेमंत यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहाँ उसने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। वहीं उसका फरार साथी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। मामले की कार्रवाई में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत कुमार पांडे, उपनिरीक्षक अर्जुन यादव और आरक्षक राजेंद्र रात्रे की अहम भूमिका रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि महिलाओं से जुड़े अपराधों पर जशपुर पुलिस पूरी तरह संवेदनशील है। समाज में इस तरह की हरकत करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, हत्या की आशंका गहराई

**दूसरी पत्नी सामान सहित लापता, परिजनों ने पुलिस से की शिकायत**





**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के चुनचुनीडांड गाँव में उस समय सनसनी फैल गई जब गाँव निवासी गेंद सिंह चौहान के बड़े भाई का शव संदिग्ध परिस्थिति में उनके कमरे से बरामद हुआ। घटना से पूरे गाँव में हड़कंप मच गया।

सुबह सबसे पहले मृतक की माँ ने शव देखा और शोर मचाया। परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक के शरीर पर संदेहास्पद निशान थे। नाक से खून बह रहा था, गले पर काले धब्बे दिखाई दे रहे थे और हाथ-पाँव व गर्दन मुड़ी हुई अवस्था में पाई गई।

घटना के समय मृतक की पारिवारिक स्थिति भी उलझी हुई थी। मृतक की पहली पत्नी कुछ दिन पहले मायके चली गई थी, जबकि दूसरी पत्नी घटना वाली रात उसके साथ थी। मगर सुबह होते ही वह कपड़े व सामान लेकर अचानक लापता हो गई। मृतक के बच्चे उस रात अपने चाचा गेंद सिंह चौहान के यहाँ सोए हुए थे। परिजनों ने परिस्थितियों के आधार पर युवक की हत्या की आशंका जताई और धरमजयगढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आईपीसी की धारा 302 संदेह के आधार पर जांच में शामिल की जा सकती है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जाँच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और दूसरी पत्नी की तलाश में विशेष टीम गठित की है। आसपास के इलाकों में भी उसकी तलाश जारी है। गाँव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि संदिग्ध हालात और पत्नी के अचानक गायब हो जाने से हत्या की आशंका और गहरी हो रही है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मप्र का सबसे बड़ा फ्लाई ओवर हमारे लिए गौरव, इसकी स्वछता, सुंदरता और सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : राकेश सिंह

## लोक निर्माण मंत्री ने फ्लाई ओवर को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित बनाये रखने संस्कारधानी के सामाजिक, व्यपारिक संगठनों के साथ ली शपथ

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** विगत दिनों जबलपुर को मध्यप्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर की सौगात मिली है। यह फ्लाईओवर केवल यातायात का सेतु नहीं है, बल्कि हमारी आकांक्षाओं और हमारे शहर के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। जो न केवल हमें आधुनिकता से जोड़ता है बल्कि शहर की गति और प्रगति का आधार भी है, और इस फ्लाई ओवर की स्वछता, सुंदरता और सुरक्षा कि जिम्मेदारी भी हम सभी की है,इसीलिए आज हम सब मिलकर संकल्प लेते है कि जबलपुर में विकास और संस्कार साथ साथ प्रवाहित होंगे और जबलपुर को मिली इस बड़ी सौगात को हम स्वयं सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित रखेंगे, यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने वीरांगना रानी दुर्गावती फ्लाई ओवर के निरिक्षण के दौरान जबलपुर के प्रबुद्ध वर्ग के साथ सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों को सम्बोधित करते हुए कही

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के साथ सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगतबहादुर सिंह अन्नू, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल, विधायक श्री सुशील तिवारी इंदु, श्री अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज, पूर्व मंत्री श्री शरद जैन, श्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना, एसपी श्री सम्पत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव व शहर के प्रबुद्ध जन, सामाजिक एवं व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि फ्लाई ओवर पर पहुंचे जहाँ सबने शपथ लेकर फ्लाई ओवर में किसी भी तरह की आवंछनीय गतिविधि न होने का संकल्प लिया।



श्री सिंह ने कहा देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व, मप्र में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में और केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी की दूरदर्शिता का परिणाम है कि मप्र का सबसे बड़ा फ्लाई ओवर और देश का सबसे बड़ा केबल स्टे ब्रिज हमें मिला है यह फ्लाई ओवर जबलपुर ही नहीं बल्कि पुरे मप्र के लिए गौरव है और इसे संभाल कर और सहज कर आने वाली पीढ़ियों तक इसी रूप में सौंपना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान में शहर के गौरव इस फ्लाईओवर को लेकर जो दृश्य सामने आ रहे हैं वह कहीं न कहीं संस्कारधानी की छवि को पूरे प्रदेश और देश में धूमिल कर रहे हैं।

श्री सिंह ने कहा हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं जिनमें कुछ लोग पान मसाला खाकर फ्लाईओवर की बाउंड्री को गंदा करते दिख रहे हैं, कहीं वाहन पर खतरनाक स्टंट, तो कहीं फ्लाईओवर पर बैठक, पार्टी, मौज-मस्ती और रील्स बनाने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। यह व्यवहार न केवल स्वच्छता और सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि हमारी संस्कारधानी की मर्यादा पर भी आघात है।

श्री सिंह ने कहा मेरा सभी जबलपुर वासियों से विनम्र आग्रह है कि यह फ्लाईओवर हमारे आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए बना है, यह कोई पर्यटन स्थल नहीं है। निश्चित ही यह हमारे शहर के विकास के साथ पर्यटन को भी गति देगा, परंतु इसे पार्टी या मनोरंजन का अड्डा बनाना, संस्कारधानी की गरिमा के साथ खिलवाड़ है।

श्री सिंह ने कहा आइए, हम संकल्प लें कि संस्कारधानी का यह फ्लाईओवर, हमारे संस्कार, हमारी सभ्यता और शहर के प्रति हमारे कर्तव्यबोध का परिचायक बने।

श्री सिंह ने कहा मेरा विश्वास है कि हम सब मिलकर इसकी गरिमा बनाए रखेंगे। जिस प्रकार यह फ्लाईओवर हमारी सुविधा के लिए बना है, वैसे ही इसकी स्वच्छता और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हम सबको मिलकर निभानी होगी।

### जबलपुर फ्लाईओवर शपथ

* हम सभी जबलपुरवासी एकजुट होकर आज मध्यप्रदेश के इस सबसे बड़े फ्लाईओवर पर यह शपथ लेते हैं कि–

* हम इस फ्लाईओवर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सदैव सहयोग करेंगे।

* इसे सामूहिक धरोहर मानते हुए इसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएंगे।

* इस फ्लाईओवर पर हम किसी भी प्रकार की गंदगी या अव्यवस्था न तो स्वयं करेंगे और न किसी को करने देंगे।



* इस फ्लाईओवर का उपयोग करते समय यातायात के नियमों का पूर्णरूपेण पालन करेंगे तथा किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधियों में संलिप्त नहीं होंगे जिनसे फ्लाईओवर पर आवागमन या परिवहन बाधित हो।

* हम नागरिक कर्तव्यबोध के साथ स्वच्छता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ जबलपुर के विकास की पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प लेते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी साँवलदास खत्री, सिख संगत प्रधान सरदार मंजीत सिंह जी, इंद्रमोहन भाटिया, सुधीर भागचंदानी, तारु खत्री, एड आशीष त्रिवेदी, डॉ जितेंद्र जामदार, डॉ राजेश धीरवानी, आईएमए अध्यक्ष डॉ ऋचा शर्मा, डॉ



राजीव बडेरिया, डॉ अभिजीत मुखर्जी, डॉ शिशिर चन्दपुरिया, महाकौशल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता, अखिल मिश्रा, रोटीरियन सारंग भिड़े दीपक सेठी, रोबिन खटवानी, महेश पुरस्वानी, उमेश परवानी, जगदीश चोहटेल, रंजीत सिंह बुमराह, जसमित खनूजा, अमरजीत धनजल, बलजीत सैनी, हरविंदर सिंह, पृथ्वी सिंह, रामिंद्र सिंह, जसप्रीत सिंह बत्रा, टिंकू कपूर, परमजीत सिंह कलसी, साहेब सिंह कपूर, सोनिया कौर मुकादमगंज व्यपारी संघ अध्यक्ष भीम गुप्ता, सराफा व्यापारी संघ अध्यक्ष अजय बख्तावर, दवा बाजार संघ के बाबी जायसवाल, थोक कपड़ा व्यापारी संघ अध्यक्ष नवनीत जैन, जबलपुर बेंगल व्यापारी संघ से अभिषेक जैन, ग़ल्ला व्यापारी संघ से दिनेश राठौर, पिसनहारी व्यापारी संघ से अनिल बढ़कुल, सेनेटारि व्यापारी संघ से परवेश सिंघवी, सिविक सेंटर व्यापारी संघ से प्रशांत जैन, मालवीय चौक व्यापारी संघ से राजेश रोहरा,मिलोनीगंज व्यापारी संघ अमित जैन गोलू, गढ़ा व्यापारी संघ प्रशांत जैन पप्पू, नार्मल स्कूल व्यपारी संघ विक्रांत जैन, जबलपुर रिटेल व्यपारी संघ अमित जैन के साथ बड़ी संख्या में प्रबुद्ध वर्ग और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत रिपॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम की बैठक

**जबलपुर/प्रतिनिधि।** कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अधक्षता में आज आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत रिपॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजाति विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को सशक्त करना है। जो जमीनी स्तर पर शासन के पुनर्निर्माण और जनजाति मूल्यों से प्रेरित होगी। यह अभियान धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़ा है। इसमें जनजातीय समुदाय को अंतिम छोर तक सेवा प्रदान कर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनाना है। इस दौरान कहा गया कि इन ग्रामों में जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर तक योजनाओं का शत प्रतिशत सेचुरेशन हो जाये। ग्रामीण स्तरीय विजन प्लान का निर्माण हो जाये। आदि सेवा केन्द्र की स्थापना एवं संचालन सुनिश्चित हो जाये। साथ ही साप्ताहिक जनसुनवाई के माध्यम से समस्याओं का निराकरण किया जाये। योजना के क्रियान्वयन के लिए तीन कैडर बनाये गये हैं। जिसमें आदि कर्मयोगी में विभागीय जिला ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय के अधिकारी-कर्मचारी होंगे, आदि सहयोगी में स्थानीय शिक्षक, चिकित्सक और युवाओं को शामिल किया गया है तथा आदि साथी में एसएचजी की महिलाएं, आदिवासी बुजुर्ग एवं वालिंटियर्स को रखा गया है। इस कार्यक्रम के लिए 1 सितम्बर को जिला स्तरीय संबंधित विभागों का ओरियंटेशन कार्यक्रम रहा तथा 2 से 4 सितम्बर तक विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के जिला स्तरीय प्रशिक्षण व ओरियंटेशन कार्यक्रम किये जायेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का क्षमता निर्माण, अंतर विभागीय समन्वय और सहयोग, समुदाय आधारित प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव, जनजातीय सशक्तिकरण पर ध्यान केन्द्रित करना है। बैठक में बताया गया कि राज्य, जिला व विकासखंड स्तर पर इस कार्यक्रम के परिणामों की नियमित समीक्षा की जा रही है। इस संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत को बनाया गया है तथा सहायक नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग होंगे। विकासखंड



स्तर पर सीईओ जनपद नोडल अधिकारी होंगे। बैठक के दौरान कहा गया कि आदि कर्मयोगी डेशबोर्ड के माध्यम से रियल टाइम निगरानी प्रणाली स्थापित की गई है, जो प्रगति को ट्रैक करने, अवरोधों की पहचान करने और समय पर सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने में मदद करेगी। जिले के 7 विकासखंडों के 171 ग्रामें को इस अभियान अंतर्गत चिन्हित किया गया है जिसमें कुंडम के 91 ग्राम, जबलपुर के 37, शहपुरा के 18, पनागर, मझौली और सिहोरा के 7-7 ग्राम एवं पाटन के 4 ग्राम शामिल है। बैठक में कहा गया कि आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर ग्राम सभा के साथ अलग-अलग दिवसों पर बैठकों का आयोजन किया जाये। जिसमें सभी के लिए आवास, बेहतर स्वच्छता एवं स्वच्छ जल की उपलब्धता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ाव, दूरसंचार कनेक्टिविटी, व्यापक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, गांव का सड़क से जुड़ाव, सुरक्षित एवं उन्नत आजीविका व अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करना है। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि जबलपुर में चयनित 71 आदिवासी बहुल्य ग्रामों में उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भागीदारी आधारित योजना को सुविधाजनक बनाया जाये। साथ ही कहा कि अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से हो और जिसका लाभ वांछित लोगों को प्राप्त हो सके।

# प्रधानमंत्री की मां के साथ कांग्रेस ने देश की सभी माता–बहनों का अपमान किया है

### भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी का अर्थी जुलूस निकालकर जलाया पुतला

जबलपुर । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी दिवंगत मां के लिए अभद्र टिप्पणी एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने पर राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा जबलपुर द्वारा राहुल गांधी का अर्थी जुलूस निकालकर पुतला जलाया गया।

भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश संगठन के आवाहन पर भाजपा महिला मोर्चा जबलपुर द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, सांसद श्री आशीष दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्याम महाजन, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अभिलाष पांडे महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव की उपस्थिति में महिलाओं ने राहुल गांधी का अर्थी जुलूस निकाल कर पुतला दहन किया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती अश्विनी परांजपे ने कहा कि हमारे देश में माँ की पूजा की जाती है सबसे ऊपर मां का दर्जा है और देश यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मां जिसने भारत मां की माटी को ऐसा देशभक्त सपूत दिया जो देश को अपना सब कुछ मानकर पूरा जीवन सेवा में लगा रहा है ऐसी देवी तुल्य माँ के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग राहुल गांधी जैसे घटिया एवं अपमानित लोगों को ही शोभा देता है जो अपनी संस्कृति, सभ्यता को ही न समझ पाया हो उससे बदतमीजी ही आ सकती है राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस इतने निम्न स्तर तक जा चुकी है कि वह सम्पूर्ण भारतीय समाज को अपमानित करने का काम कर रही है क्योंकि अब वे कभी न मिलने बाली सत्ता के लोभ में पागल हो चुके है ।यही कारण है कि राहुल गांधी के साथ पूरी कांग्रेस अपने स्तर की तरह नीचे गिरती जा रही है। महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रूपा राव ने कहा कि भारत की प्रत्येक माता बहनों के उत्थान की सदैव चिंता करने वाले प्रधानमंत्री एवं उनकी



मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी राहुल गांधी को उनका नारी शक्ति के प्रति दृष्टिकोण इस बात का परिचायक है कि राहुल गांधी सदैव ही भारतीय संस्कृति के विरोध में काम करते आए है, क्योंकि भारतीय संस्कृति में मां ही सर्वोपरि है, जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी की सरकारविभिन्न योजनाओं की माध्यम से देश की मातृशक्ति को मजबूत करने का काम कर रही है वहीं कांग्रेस पार्टी का महिलाओं के प्रति यह अपमानजनक रवैया अत्यंत पीड़ादायक है, राहुल गांधी एवं संपूर्ण कांग्रेस पार्टी सदा ही देश के विभिन्न वर्गों का अपमान करती आई है क्योंकि यह देश की जनता को सिर्फ वोट की मशीन मानते हैं जिससे सत्ता प्राप्त कीजा सकती है और यही कारण है कि कांग्रेस खत्म होने पर आ गई है।देश की प्रधानमंत्री की मां का अपमान देश की प्रत्येक मां का अपमान है जिसका पुरजोर विरोध करते हुए हम राहुल गांधी जैसे मृत व्यक्तित्व का पुतला फूंक रहे है ।

श्रीमती सुषमा जैन ने कहा कि सबसे प्रमुख स्थान मां का होता है देश को भी हम भारत मां के नाम से संबोधित करते हैं और उसके प्रति अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले को वीर सपूत कहते है ऐसे ही हमारे देश के प्रधानमंत्री जो पूरे विश्व में भारत की पताका फहरा रहे हैं जो आज तक के इतिहास में हमारे देश को सबसे ऊपर ले जाने का काम कर रहे हैं ऐसे प्रधानमंत्री की मां पर अभद्र टिप्पणी करना कांग्रेस का अक्षम्य अपराध है जिसके लिए राहुल गांधी को देश की प्रत्येक मां से माफी मांगनी चाहिए राहुल गांधी जिन्होंने कभी मां के दर्जे को समझा ही ना हो वह कैसे किसी का सम्मान कर सकता है आज महिलाएं राहुल गांधी का अर्थी जुलूस निकालकर उनके इस अपमानजनक टिप्पणी का पुरजोर विरोध करती हैं।

### कांग्रेस समाज व संस्कृति के विपरीत कार्य कर रही है

पूर्व महापौर श्रीमती स्वाति गोडबोले ने कहा कि बिहार में एक सभा के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से प्रधानमंत्री जी की माता जी को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की गई। इस टिप्पणी से भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के साथ देश के बुद्धिजीवी एवं संभ्रांतजन भी आक्रोशित हैं। देश और दुनियाभर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाए कांग्रेस नेता अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। नफरत की आग में जलने वाली कांग्रेस और उसके सहयोगी दल राजनीतिक मर्यादा और राजनीतिक सुचिता को छोड़कर असभ्यता की सीमा लांघ चुके हैं। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय



नेता की दिवंगत माताजी के संबंध में इस तरह के शब्दों का प्रयोग कर कांग्रेस ने भारतीय समाज और संस्कृति के विपरीत कार्य किया है। कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ प्रधानमंत्री जी की माता जी का नहीं, बल्कि देश की संपूर्ण मातृशक्ति का अपमान किया है। देश की जनता और मातृशक्ति इस अक्षम्य अपराध के लिए कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को कभी माफ नहीं करेगी।

### भाजपा महिला नेत्रियों ने किया जोरदार प्रदर्शन, जलाई अर्थी

मालवीय चौक पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा महिला नेत्रियों ने राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की, विरोध प्रदर्शन कर राहुल गांधी का अर्थी जुलूस मालवीय चौक के आसपास घूमाते हुए राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए उनका पुतला जलाया। महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा राव पूर्व महापौर स्वाति गोडबोले अश्वनी परांजपे, अंजू भार्गव, सुषमा जैन, रीना राय, मधुबाला राजपूत, संतोषी ठाकुर, सुमन यादव, तनुश्री सिंह, पूजा बाधवानी, डिम्पी विश्वकर्मा, कल्पना तिवारी, दीपमाला सोनकर, सोनिया रंजीत सिंह, ज्योति जैन, प्रिया संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल, सीमा सिंह, श्वेता सिंह, कुसुम चौबे, प्रीति वाजपेई, पूनम प्रसाद, दुर्गा उपाध्याय,अंशुल यादव, रजनी साहू, माधुरी सोनकर, मालती चौधरी, अर्चना सिसोदिया आदि उपस्थित थे।

# जबलपुर में इसाफ बैंक डकैती का मुख्य आरोपी बिहार से गिरफ्तार, 14 में से 3 किलो सोना बरामद

**जबलपुर।** एमपी के जबलपुर में खितौला स्थित इसाफ बैंक डकैती के मुख्य आरोपी राजेश दास को बिहार के गया जिला से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने राजेश दास के एक साथी इंद्रजीत दास उर्फ सागर को भी पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 14 किलो सोने में से 3 किलो सोना बरामद किया है। राजेश दास गैंग का सरगना है। पुलिस अब आरोपियों से लूटे गए सोने के जेवरों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि खितौला में 11 अगस्त 2025 को इसाफ बैंक में 5 अज्ञात बदमाशों द्वारा डकैती की गई थी जिसमें 14 किलो 800 ग्राम सोने के जेवरात और लगभग 5 लाख रुपए डकैत लूट कर ले गए थे। जिसपर पुलिस ने स्थानीय आरोपी रईस लोधी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आये तथ्यों के आधार पर अलग-अलग टीमें बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश एवं राजस्थान भेजी गई । जबलपुर पुलिस को सफलता उस समय मिली जब की इस गिरोह का एक मददगार इंद्रजीत बिहार के गया जिले के गुरुवा थाना इलाके से पुलिस के हत्थे चढ़ा जिसने पूछताछ पर गिरोह के सरगना राजेश रवि दास के छुपने का ठिकाना गया जिले के ही डोभी थानांतर्गत बताया। पुलिस की टीम ने तत्काल दबिश देते हुये गैंग के मुख्य सरगना रवि दास को घेराबंदी कर पकडा गया। राजेश दास ने पूछताछ में लूटे हुये जेवर एवं रूपये आपस में बांट लेना बताते हुये अपने हिस्से में लगभग 3 किलो सोना और 50000 नगदी आना बताया। शेष लूट का सामान बाकी सदस्यों मै बांटना बताते हुये लूटे हुये सोने के जेवरात खेत में छुपाना बतायाए आरोपी की निशादेही पर खेत मे छिपाये हुये जेवर जप्त किए गए।

### मुख्य बिन्दु-

-डकैती मै बैंक से लूटा गया आम जनता का गिरवी रखा 3 किलो सोना (जेवर) बरामद





-राजेश दास को डकैती डालने से लेकर सोना छुपाने तक में सहयोग करने वाला एक अन्य आरोपी इंद्रजीत भी गिरफ्तार

-18 जून 2025 को ही जेल से छूटा था राजेश, 11 अगस्त 2025 को खितौला में अपने साथियों के साथ डाली थी डकैती

-वर्ष 2011 से 2025 के बीच गया, सासाराम, जमुई, पुरुलिया, रायगढ़ की बैंक डकैतियों सहित एक दर्जन वारदातों में शामिल रहा है दुर्दांत डकैत राजेश दास

पतासाजी करते हुये स्थानीय आरोपी रईस लोधी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आये तथ्यों के आधार पर पुलिस की अलग अलग टीमें आरोपियों की पतारसी हेतु बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश एवं राजस्थान भेजी गई । मैदानी स्तर पर इन टीमों का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम जबलपुर श्री जितेंद्र सिंह के साथ डीएसपी क्राइम श्री उदयभान सिंह बागरी , एसडीओपी सिहोरा श्री आदित्य सिंघारिया (भा.पु.से.), सीएसपी बरगी श्री अंजुल अयंक मिश्रा एवं सीएसपी रांझी श्री सतीश साहू कर रहे थे ।

जबलपुर पुलिस को सफलता उस समय मिली जब की इस गिरोह का एक मददगार इंद्रजीत बिहार के गया जिले के गुरुवा थाना इलाके से पुलिस के हत्थे चढ़ा जिसने पूछताछ पर गिरोह के सरगना राजेश रवि दास के छुपने का ठिकाना गया जिले के ही डोभी थानांतर्गत बताया, जानकारी लगने पर तत्काल टीम द्वारा दबिश देते हुये गैंग के मुख्य सरगना रवि दास को घेराबंदी कर पकडा गया जिसने सघन पूछताछ करने पर डकैती करना स्वीकार करते हुये लूटे हुये जेवर एवं रूपये आपस में बांट लेना बताते हुये अपने हिस्से में लगभग 3 किलो सोना और 50,000 नगदी आना बताया एवं शेष लूट का सामान बाकी सदस्यों मै बांटना बताते हुये लूटे हुये सोने के जेवरात खेत में छुपाना बताया, आरोपी की निशादेही पर खेत मे छिपाये हुये जेवर जप्त किए गए।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी-

-राजेश उर्फ आकाश दास उम्र 38 वर्ष पिता जगजीवन दास निवासी जिला गया, बिहार

-इंद्रजीत उर्फ सागर दास पिता शंकर दास उम्र 26 वर्ष निवासी गया, बिहार

### 18 जून को जेल से छूटा था मुख्य आरोपी

गौरतलब है कि पकड़ा गया आरोपी राजेश दास उर्फ आकाश दास एक दुर्दांत अपराधी है जिसने बिहार के जिला गया, सासाराम, जमुई, पुरुलिया, रोहतास, गिरडी, छत्तीसगढ के जिला रायगढ के बैंक में लूट/डकैती के 12 अपराध पंजीबद्ध है। जो 18 जून 2025 को ही रायगढ़ जेल से छूटा था ।

### आरोपियों को पकडने में इनकी रही सराहनीय भूमिका

मुख्य सरगना व उसके साथी को पकडने में थाना प्रभारी खितौला श्रीमति अर्चना सिंह जाट, अपराध थाना प्रभारी शैलेश मिश्रा, थाना प्रभारी पाटन गोपेंद्र राजपूत, थाना प्रभारी गोसलपुर राजेंद्र सिंह मर्सकोले, थाना प्रभारी घमापुर प्रतीक्षा मार्को, निरीक्षक धनीराम बरकड़े, निरीक्षक पूर्वा चौरसिया, चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर उप निरीक्षक दिनेश गौतम, चौकी प्रभारी रामपुर प्रभाकर सिंह परिहार, चौकी प्रभारी बस स्टैंड उप निरीक्षक जगन्नाथ यादव, क्राईम ब्रांच के उप निरीक्षक चंद्रकांत झा, सहायक उप निरीक्षक प्रशांत सोलंकी, सहायक उप निरीक्षक मोहन तिवारी, सहायक उप निरीक्षक कैलाश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक नरेश पासी, प्रधान आरक्षक मोहन सिंह, राजेश पाण्डे, अखिलेश पाण्डे, हितेन्द्र रावत, मनीष सिंह, सुतेन्द्र यादव, अरविंद श्रीवास्तव, आनंद तिवारी, वीरेन्द्र सिंह, अटल जंघेला, रूस्तम अली, आरक्षक गोविंद प्रसाद राय, प्रदीप तेकाम, प्रमोद सोनी, सतेन्द्र बिसेन, रीतेश शुक्ला, पकंज सिंह, प्रीतम उपाध्याय, जय प्रकाश तिवारी, शिव सिंह, आशुतोष बघेल, राजेश मिश्रा, त्रिलोक पारधी, राजेश मातरे, विनय सिंह, अजीत कुमार, आरक्षक चालक मुकेश परिहार, डीएसबी के सहायक उप निरीक्षक धनंजय सिंह, रणजीत यादव थाना गढा के संतोष जाट, नीरज तिवारी, गोहलपुर से आलोक यादव, गोरखपुर से अश्वनी द्विवेदी, मदनमहल से आरक्षक उदय की सराहनीय भूमिका रही है ।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित शर्मा, संपादक शीलू शर्मा द्वारा जवाहर नगर गाली नं. 10 सतना से प्रकाशित तथा अंकित शर्मा द्वारा कोरल ऑफसेट सतना द्वारा मुद्रीत करवाकर प्रकाशित।
समस्त न्याय क्षेत्र सतना होगा। Mail id : udghoshsamay@gmail.com Mob. 7987290705